M – 2017

Subject Code : **03 (NS)**

2567356

## HINDI

Time : 3 Hours 15 Minutes] [Total No. of questions : 49] [Max. Marks : 100

सूचनाएँ :

1. *सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना अनिवार्य है।*
2. *प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना आवश्यक है।*

I. अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए : **(6 × 1 = 6)**

1) कर्तव्य करने का आरम्भ पहले कहाँ से शुरू होता है?

2) लेखक ने किनसे साक्षात्कार लिया है?

3) पाँच भाई–बहनों में सबसे छोटी कौन है?

4) विश्वेश्वरय्या किसके बड़े पाबंद थे?

5) नारद क्या छिनते देख घबराये?

6) जापान का गुणधर्म क्या है?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(3 × 3 = 9)**

7) अंग्रेज़ी–जहाज बीच समुद्र में डूबते समय पुरुषों ने कैसे अपना धर्म निभाया?

8) प्रदुषण के संबंध में गंगा मैया ने क्या कहा है?

9) विश्वेश्वरय्या की शिक्षा के बारे में लिखिए।

10) माँ को आलिंगन में भरकर शामनाथ ने क्या कहा?

11) जापान के भारतीय रेस्तराँ 'कलकत्ता' का वर्णन कीजिए।

II. अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे? (4 × 1 = 4)

12) 'बाबा, इतना मुझसे उठा न सकेगा।'

13) 'बंद करो अब, इस मन्नू का घर से बाहर निकलना।'

14) 'सच? मुझे गाँव के लोग बहुत पसंद है।'

15) 'मुझे भिक्षा नहीं चाहिए, मुझे भोलाराम के बारे में कुछ पूछ-ताछ करनी है।'

आ) निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए : (2 × 3 = 6)

16) 'अभी ऐसे बूढ़े नहीं हो गए कि कोई काम ही न कर सकें।'

17) 'एक ओर वे बेहद कोमल और संवेदनशील व्यक्ति थे तो दूसरी ओर बेहद क्रोधी और अहंवादी।'

18) 'इन्हें पिछवाड़े इनकी सहेली के घर भेज दो।'

19) 'आज तक मैंने धोखा नहीं खाया था, पर भोलाराम का जीव मुझे चकमा दे गया।'

III. अ) **एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए :** (6 × 1 = 6)

20) चकोर पक्षी किसे देखता रहता है?

21) पातक, राजा और रोग किसे दबाते हैं?

22) बेटी रंगीन कपड़े पहनने से क्यों इनकार करती है?

23) कवि नरेन्द्र शर्मा के अनुसार मनुष्य को किसने सींचा है?

24) जंगल को क्या हो जाने से बचाना है?

25) कवि का क्या मकसद नहीं है?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (2 × 3 = 6)

26) परिश्रम के महत्व के प्रति रैदास के क्या विचार हैं?

27) 'गहने' कविता के द्वारा कवि ने क्या आशय व्यक्त किया है?

28) कवि नरेन्द्र शर्मा ने प्रतिहिंसा और कायरता के संबंध में क्या कहा है?

29) 'मानव' ने उत्तरप्रदेश की किन विशेषताओं का वर्णन किया है?

इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए : (2 × 4 = 8)

30) i) चोरी करत कान्ह धरि पाए।
निसि–बासर मोहिं बहुत सतायौ अब हरि अरि हाथहिं आए।
माखन–दधि मेरौ सब खायौ, बहुत अचगरी कीन्ही।
अब तो घात परे हौ लालन, तुम्हें भलै मैं चीन्ही।
दोउ भुज पकरि, कहयौ कहँ जैहों माखन लेउँ मँगाइ।

अथवा

ii) धनि रहीम जल पंक को, लघु जिय पिअत अघाय।
उदधि बड़ाई कौन है, जगत पिआसो जाय।।

31) i) वे मुस्काते फूल, नहीं –
जिनको आता है मुरझाना,
वे तारों के दीप, नहीं –
जिनको भाता है बुझ जाना।

अथवा

ii) झुर्रियोंदार खुरदुरा तना मैलाकुचैला,
राइफिल–सी एक सूखी डाल,
एक पगड़ी फूल पत्तीदार,
पाँवों में फटापुराना जूता
चरमराता लेकिन अक्खड़ बल बूता।

IV. अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए : (5 × 1 = 5)

32) हर बात पर अपने मायके की तारीफ कौन करती है?

33) पेड़ की छाया को बढ़ाने का काम कौन करती है?

34) भारवि की माँ का नाम क्या है?

35) पिता क्या नहीं सहन कर सकता?

36) भारवि ने प्रतिशोध की आग में क्या करना चाहा?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (2 × 5 = 10)

37) i) रजवा ने छोटी भाभी से क्या कहा?

अथवा

ii) दादा जी की क्या आकांक्षा थी?

38) i) भारवि अपने पिता से क्यों बदला लेना चाहता था?

अथवा

ii) भारवि ने पिता से किस प्रकार का दण्ड चाहा और उसे क्या दण्ड मिला?

V. अ) वाक्य शुद्ध कीजिए : (4 × 1 = 4)

39) i) मैंने मकान बनवाने के लिए मैसूर जाना है।

ii) वह पैदल से गया है।

iii) श्यामा ने कहानी सुनाया।

iv) उसे बहुत गुस्सा आती है।

आ) कोष्ठक में दिए गए उचित शब्दों से रिक्त स्थान भरिए : (4 × 1 = 4)

(को, से, ने, में)

40) i) हाथ ________ गिलास छूट गया।

ii) स्त्री ________ सम्मान देना चाहिए।

iii) पुस्तकालय ________ बहुत सी किताबें हैं।

iv) पंछी ________ पिंजड़ा खाली किया।

इ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए : (3 × 1 = 3)

41) i) जनसंख्या दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। (भूतकाल में बदलिए)

ii) उस रोगी का शरीर बहुत दुर्बल था। (वर्तमाल काल में बदलिए)

iii) अंधी लकड़ी के सहारे मार्ग तय करती है। (भविष्यत् काल में बदलिए)

ई) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए : (4 × 1 = 4)

| | |
|---|---|
| 42) i) अगर मगर करना | a) बहुत प्यारा |
| ii) आँखों का तारा | b) तैयार होना |
| iii) कलेजा फटना | c) टाल मटोल करना |
| iv) कमर कसना | d) असहनीय दुःख होना |

उ) अन्य लिंग रूप लिखिए : (3 × 1 = 3)

43) i) अभिनेत्री

ii) संयोजक

iii) युवती

ऊ) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द बनाइए : (3 × 1 = 3)

44) i) बिना सोचे समझे किया गया विश्वास।

ii) जल में रहने वाला।

iii) छात्रों के रहने का स्थान।

ए) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिए : (2 × 1 = 2)

45) i) नसीब

ii) सफल

ऐ) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग कर लिखिए : (2 × 1 = 2)

46) i) स्वच्छता

ii) गुणवान

VI. अ) किसी एक विषय पर निबंध लिखिए : (1 × 5 = 5)

47) i) a) अन्तरिक्ष विज्ञान और भारत।

b) भारतीय नारी।

c) त्योहारों का जीवन में महत्व।

अथवा

ii) अपनी छोटी बहन को अच्छे स्वास्थ्य का महत्व बताते हुए एक पत्र लिखिए।

आ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(5 × 1 = 5)**

48) मदर तेरेसा द्वारा किए जा रहे सेवा-कार्यों को समस्त विश्व में प्रतिष्ठा मिली है। उन्हें सम्मानसूचक तथा आर्थिक सहयोग के रूप में जो धन मिलता था, उसे वे सामाजिक सेवा कार्यों के उपयोग में लाती थीं। अधिकतर धनराशी, झुग्गी-झोंपड़ियों के निवासियों के लिए पाठशाला खोलने पर व्यय की जाती थी। अप्रैल, 1962 में तत्कालीन राष्ट्रपति जी ने उन्हें 'पद्मश्री' से अलंकृत किया था। इसके तत्पश्चात् फिलीपिंस सरकार की ओर से उन्हें 10,000 डालर का पुरस्कार प्रदान किया गया। इस धनराशि से उन्होंने आगरा में कुष्ठाश्रम बनवाया, जहाँ कुष्ठ रोगियों की चिकित्सा की जाती है। सन् 1964 में जब पोप भारत आए थे, तो उन्होंने अपनी कार मदर तेरेसा को भेंट कर दी थी। मदर तेरेसा ने वह कार 59930 डालर में नीलाम कर दी थी तथा उस धनराशि से कुष्ठ रोगियों की एक बस्ती बसाई, ताकि ऐसे लोगों की चिकित्सा और सही देखभाल की जा सके।

प्रश्न :

i) मदर तेरेसा के सेवा-कार्यों को कहाँ प्रतिष्ठा मिली है?

ii) अधिकतर धनराशि मदर तेरेसा द्वारा कैसे व्यय की जाती थी?

iii) उन्हें 'पद्मश्री' की उपाधि से कब अलंकृत किया गया था?

iv) फिलीपिंस सरकार से प्राप्त धनराशि से उन्होंने कहाँ कुष्ठाश्रम बनवाया?

v) किसने अपनी कार मदर तेरेसा को भेंट दी?

इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए : **(5 × 1 = 5)**

49) i) ನಾವು ಭಾರತದ ಪ್ರಜೆಗಳು.

We are citizens of India.

ii) ಯುವವರ್ಗವು ದೇಶದ ಅಮೂಲ್ಯ ಆಸ್ತಿ.

Youths are valuable asset of nation.

iii) ದೇಶದ ಸುರಕ್ಷತೆ ನಮ್ಮೆಲ್ಲರ ಕರ್ತವ್ಯವಾಗಿದೆ.

The security of nation is our responsibility.

iv) ನಾವು ಎಲ್ಲಾ ಧರ್ಮಗಳನ್ನು ಗೌರವಿಸಬೇಕು.

We should respect all religions.

v) ಕಠಿಣ ಪರಿಶ್ರಮವಿಲ್ಲದೇ ಸಫಲತೆಯು ಸಿಗಲಾರದು.

There is no success without hardwork.